हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 अगस्त 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 जर्जर भवनों में न करें स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन



11 सौ बिस्तर वाले जिला अस्पताल में मच्छरों की...





B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि - 30/08/24

## खबर संक्षेप

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन आज कुरदी अर्जुन्दा में



अर्जुन्दा। ग्राम कुरदी अर्जुन्दा में विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह 31 अगस्त शनिवार को दोपहर 1 बजे कुरदी पहुंचेंगे। वहाँ 111 फ़ीट का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और छत्तीसगढ़ महतारी के साथ भारत के वीर सपूतों की मूर्तियों का अनावरण करेंगे। इसके साथ ही जिला सहकारी बैंक के चार ब्रांच कुरदी, हल्दी, जेवरतला, मोहंदीपाट का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में डॉ रमन सिंह के साथ कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग शामिल होंगे। सुबह 11 बजे से युवाओं का खेल और जनसमस्याओं के निराकरण के लिये विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे।

### रेंगाडबरी में महिला कमांडो करती हैं गश्त



डौण्डीलोहारा। वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी में शांति व्यवस्था बनाए रखने में महिला कमांडो महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक रेंगाडबरी के गली मोहल्लों में लाठी पकड़ कर सिटी बजाते हुए शांति व्यवस्था बनाने के लिए प्रतिदिन चौक चौराहे होते हुए बाजार चौक, बस स्टैंड में गश्त करती हैं। इसमें महिला कमांडो की महिलाएं सुनीता बाई, रेशमी बाई, गोमती बाई, केसरबाई, बिहान बाई, ओम बाई, सखिना बाई, राधिका बाई, मोंगरा बाई, डिलेश्वरी, सोनई बाई, गौरी बाई, मनकी बाई, नीरा बाई का सहयोग रहता है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर एकलव्य कालेज में हुई विविध स्पर्धाएं



डौंडीलोहारा। 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा में बैंडमिंटन, क्रिकेट, शतरंज एवं अन्य खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे, आईक्यूएससी प्रभारी संजय कुमार ठाकुर, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. ईश्वर लाल खरे, एनएसएस प्रभारी पुरूषोत्तम भुआर्य, साथ ही समस्त सहायक प्राध्यापकगण, आफिस स्टॉफ आदि की भागीदारी उल्लेखनीय रही।

### गोपनीयता भंग करने पर आरक्षक निलंबित

भिलाई। संदिग्ध आचरण और गोपनीयता भंग करने वाला आरक्षक 829 विवेक पोद्दार को एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने निलंबन की कार्रवाई किया है। इसके बाद एसपी ने विवेक को पुलिस लाइन अटैच किया गया है। आरक्षक पर आरोप है कि छावनी के एनडीपीएस के एक मामले में गोपनीयता भंग किया।

# राज्य स्तरीय कूडो चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने 2 गोल्ड सहित जीते 9 मेडल

## दुर्ग के विवेकानंद भवन में हुई प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

तृतीय राज्य स्तरीय कूडो चैंपियनशिप का दुर्ग विवेकानंद भवन में आयोजन किया गया था। इसमें बालोद से 14 महिला एवं 6 पुरुष खिलाड़ियों ने अपने जिले का प्रतिनिधित्व किया। जहां जिले के दो खिलाड़ियो ने गोल्ड मेडल, दो खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल एवं पांच ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। कूडो एसोसिएशन कोच रवीना साहू, भारती साहू, तनुज यादव, केशव मांडवी ने बताया कि कूडो खेल भारत सरकार से मान्यता प्राप्त खेल है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन से भी मान्यता प्राप्त है, जिससे खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने और शासन प्रशासन से भी लाभ मिलेगा और खिलाड़ी अपना भविष्य खेल के क्षेत्र में बना पाएंगे। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि यह खेल छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिससे खिलाड़ियों को खेल विभाग एवं शासन से लाभ मिलेगा एवं पदक विजेता खिलाड़ियों को शासन से अनुदान भी प्राप्त होगा। कूडो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष राजा कौशल ने जिले के सभी कोच, खिलाड़ियों उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभेच्छा व्यक्त की। उन्होंने बताया कि पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय स्पर्धा जो सूरत गुजरात में 4 से 12 नवंबर तक आयोजित होगी।

■ जिले से 14 महिलाओं सहित 20 खिलाड़ी प्रतियोगिता में हुए शामिल





### इन्होंने मारी बाजी

मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी में रवीना साहू, ज्योति चक्रधारी गोल्ड मेडल, केशव मंडावी, पुष्पेन्द्र भण्डारी सिल्वर मेडल, भारती, गरिमा साहू, तुलेश्वरी, युगल किशोर, डुमेंद्र कुमार ब्राउनज मेडल प्राप्त किया है। खिलाड़ियों की सफलता पर सदस्य तनुज यादव, केशव, डुमेंद्र, डेमन प्रज्ञा साहू, तकेश्वरी, रीना रानी, मीनाक्षी साहू, डाली साहू, इन्द्राणी साहू ज्योति चकरादारी, हामीन निर्मलकर, नोमेश्वरी, लोकेश्वरी, वैष्णवी भण्डारी खिलाड़ियों ने भी हर्ष व्यक्त किया।



## विरोध : स्कूल कालेज की लड़कियों ने जयस्तंभ चौक पर किया प्रदर्शन

# दुष्कर्म के बढ़ते मामलों से बेटियों में आक्रोश आरोपियों के लिए मांगी फांसी की सजा





हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले के स्कूल व कॉलेज की लड़कियों ने जय स्तंभ चौक बालोद शहर के बीच चौराहे पर बलात्कार के आरोपी का पुतला दहन किया। इसके साथ ही आरोपियों को सिर्फ सजा नहीं बल्कि फांसी की सजा देने की मांग की।

■ दुष्कर्म के आरोपी का किया पुतला दहन



देश में महिलाओं के साथ बढ़ रहे दुराचार व बलात्कार के मामलों को लेकर बालोद की छात्राओं व बेटियों ने अपना आक्रोश प्रकट किया। अपनी सुरक्षा के लिए बालोद के स्कूल व महाविद्यालय की बेटियों ने रैली निकालकर सरकार से मांग की कि बलात्कारियों को सिर्फ जेल जैसी सजा नहीं, बल्कि फांसी की सजा ही होनी चाहिए। क्योंकि कठोर दंड प्रणाली नहीं होने के कारण ही बलात्कार के मामले आजकल बेहद बढ़ते जा रहे हैं, जिस पर सभी बेटियां चिंतित होने के साथ ही डरी हुई भी हैं। इस विरोध प्रदर्शन में सभी संगठन के नेतृत्व कर्ताओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सभी बेटियों और छात्राओं का सहयोग करते हुए अपनी सहभागिता प्रदान की। जिसमें प्रमुख रूप से मनीषा राणा, कल्पना बम्बोडे, आशुतोष कौशिक, रानी गौर, नेहा साहू, मुस्कान मनहर, मयंक साहू, जयकिशन साहू, देवेंद्र साहू, डीके साहू, शुभांजलि साहू उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

देश में बेटियों के साथ ऐसी आपराधिक घटनाएं चरम सीमा पार कर रही हैं। इस पर प्रशासन का ध्यान केंद्रित करे। बेटियों ने नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और सरकार से इंसाफ के रूप में बलात्कारियों को सीधे फांसी की सजा देने की मांग की और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### अब कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं बेटियां

बालिकाओं ने कहा कि समाज में सिर्फ लड़कियां ही गलत नहीं होतीं, बल्कि लोगों की सोच गलत होती है, जिससे अपराध बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि जहां सामान्य लड़कियों के साथ बलात्कार तो हो ही रहे थे, वहीं अब पुलिसकर्मी, डॉक्टर और तीन चार साल की स्कूल पढ़ने वाली बेटियां भी बच नहीं पा रही हैं। चाहे घर हो स्कूल हो या अस्पताल तक में ऐसे दरिंदों के शिकजों से इस पर प्रशासन व न्याय व्यवस्था खामोशी से सिर्फ आरोपी को जेल की सजा सुनाते हुए मामले को खत्म करने में तुली रहती है।

## कांग्रेस ने किया सीएम साय व उपमुख्यमंत्री शर्मा का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

बीते दिनों भिलाई में कांग्रेसियों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेसियों व पुलिस के बीच झूमा झपटी भी हुई। पुलिस ने कांग्रेस भवन के ठीक सामने खड़े होकर कांग्रेसियों को पुतला दहन करने से रोकने का प्रयास किया। तो वहीं कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ सीएम और डिप्टी सीएम का पुतला दहन करते नजर आए। पुतला दहन के बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर ने कहा कि भिलाई में कांग्रेसियों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन किया जा रहा था, लेकिन पुलिस द्वारा बेवजह लाठीचार्ज कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मारा। उन्होंने कहा कि जो भी पुलिस वाले कांग्रेसियों को मारे हैं, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जा रहे थे, उन्हें बजरंग दल वालों ने बेवजह रोक दिया। उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, वहीं जब कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ता शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन कर रहे थे, तो उन पर लाठीचार्ज किया गया। उसी के विरोध में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया।

■ भिलाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में किया प्रदर्शन

## युक्तियुक्तकरण का विरोध, शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



गुरूर। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ इकाई गुरूर ने युक्तियुक्तकरण 2024 के विरोध में विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने जिला कोषाध्यक्ष अनिल साहू, अध्यक्ष ब्लॉक इकाई गुरूर डामन लाल साहू, सचिव ब्लॉक इकाई गुरूर एलआर साहू, कोषाध्यक्ष टीआर साहू, जगदीश तारण और एनके निषाद उपस्थित थे।

## शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कमरों की कमी से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डोंडी

बालोद जिला के एकमात्र आदिवासी विकासखंड डोंडी मुख्यालय में संचालित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भवन की कमी के कारण हेल्थ केयर के विद्यार्थी कभी कंप्यूटर कक्ष तो कभी अन्य कमरे में बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। नीलिमा श्याम सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि बालोद जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर स्कूल का निरीक्षण करके बच्चो के समुचित शिक्षा सुविधा उपलब्ध ▸▸ शेष पेज 11 पर



■ सामाजिक कार्यकर्ता ने कलेक्टर को बताई समस्या, नवीन भवन निर्माण की मांग

### 2 लाख स्वीकृत, ठेकेदार ने कम बताकर शुरू नहीं किया काम

नीलिमा ने बताया कि शाला के कक्ष क्रमांक 10 की मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत दो लाख रुपए स्वीकृत हुआ था, किंतु ठेकेदार ने स्वीकृत राशि से भवन की मरम्मत नहीं हो पाने की जानकारी दी और कार्य प्रारंभ नहीं कराया। वर्तमान में उक्त कक्ष मरम्मत के अभाव में अत्यंत जर्जर हो गया है। उक्त भवन को डिस्मेंटल कराकर नवीन भवन निर्माण हो, जिससे विद्यार्थियों को परेशानियों से छुटकारा मिल सके और उन पर कोई संकट न आए।

## कुसुमकसा में डायरिया पीड़ितों की संख्या में कमी

### अस्पताल में 13 का इलाज जारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

कुसुमकसा के पिस्दा पारा में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मेहनत से गुरुवार को डायरिया का एक मरीज खेदूराम पिता घसियाराम (64वर्ष) ने ही उपचार कराने अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर दवाइयां ली। वहीं, पूर्व में ग्रसित मरीजों के स्वास्थ्य में काफी सुधार होने और उल्टी दस्त के मरीज कम होने से ग्रामीणों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी राहत की सांस ली है। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, कर्मचारियों की टीम के 24 घंटे तीन पालियों में किए ▸▸ शेष पेज 11 पर

■ गांव में ही लगाए गए अस्थाई कैंप का पीड़ितों को मिल रहा लाभ

### जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ सूर्यवंशी कुसुमकसा पहुंचे

डॉ एम सूर्यवंशी जिला चिकित्सा अधिकारी बालोद ने डायरिया पीड़ित क्षेत्र कुसुमकसा के अस्थाई स्वास्थ्य कैंप पहुंचकर मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी दी। उन्होंने दी गई दवाईयों की जानकारी लेकर उपस्थित चिकित्सक जे चुनारकार व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिस बोर के पानी से डायरिया फैलने की आशंका जताई जा रही थी, उसका भी निरीक्षण कर पाइप लाइन को दुरस्त करने व बोर में दवाई डाले जाने की जानकारी ली।

## कलेक्टर चंद्रवाल ने किया शुभारंभ

# झलमला में शुरू हुआ विशेषीकृत दत्तकग्रहण अभिकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले के ग्राम झलमला में आज विशेषीकृत दत्तकग्रहण अभिकरण का शुभारंभ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस विशेषीकृत दत्तकग्रहण अभिकरण का मुख्य उद्देश्य माता–पिता द्वारा त्याग दिए गए बच्चों की देखभाल करना तथा बालक कल्याण समिति के माध्यम से उन्हें गोद लेने वाले परिजनों को सौंप दिया जाता है।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने झलमला में शुभारंभ हुए विशेषीकृत दत्तकग्रहण अभिकरण के कक्षों एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा उसके संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि वे जिले में विशेषीकृत दत्तकग्रहण अभिकरण का बेहतर संचालन सुनिश्चित करें।

### बच्चों को गोद लेने के इच्छुक लोगों को कारा में कराना होगा पंजीयन

उन्होंने बताया कि ऐसे अविभावक जो 0 से 06 वर्ष के बच्चों को गोद लेना चाहते हैं, उन्हें सर्वप्रथम स्वयं को कारा (केन्द्रीय दत्तक ग्रहण एजेंसी) में पंजीकृत करना होगा। उसके बाद उनका नंबर आने पर जिला कलेक्टर के माध्यम से गोद देने संबंधी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उपरोक्त प्रक्रिया का पालन किए बिना यदि कोई व्यक्ति 0 से 06 वर्ष के बच्चों को गोद अथवा देता है, तो यह पूर्णतः गैर कानूनी होगा। ऐसी स्थिति में संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी।





### 0 से 6 वर्ष के अनाथ, परित्यक्त व अभ्यर्पित बालकों का होगा पुनर्वास

जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के प्रावधानों के अनुसार विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण का शुभारंभ किया गया है। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण स्थापित करने का निर्देश दिया गया था जिसके अनुक्रम में बालोद जिले में भी उक्त शासकीय संस्था की स्थापना की गई है। इस संस्था में 0 से 6 वर्ष के अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यर्पित बालकों का पुर्नवास किया जाएगा। सर्व प्रथम बालक कल्याण समिति के माध्यम से प्राप्त होने वाले ऐसे बालकों को विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण में रखा जाएगा तथा ऐसे अभिभावकों को कारा (केन्द्रीय दत्तक ग्रहण एजेंसी) के माध्यम से क्रमशः गोद दिया जा सकेगा। इस संस्था में बालकों के रहने, खाने, चिकित्सा सहित अन्य सभी व्यवस्था राज्य शासन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री को नुआखाई शोभा यात्रा का न्योता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में नुआखाई शोभायात्रा संचालन समिति रायपुर के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को नुआखाई पर्व शोभायात्रा के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री को समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी 3 सितम्बर को शाम 5 बजे राजधानी रायपुर के ग्रास मेमोरियल खेल मैदान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### एबीजी किट उपलब्ध नहीं करा पा रही सरकार

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, भाजपा की सरकार आते ही स्वास्थ्य सुविधा लाचार हो गई है। हार्ट की सर्जरी कराने वाले 200 मरीज भटक रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग में इन मरीजों की हार्ट सर्जरी करने के लिए एबीजी किट नही हैं। उन्होंने बताया कि किट न होने से मरीजों की ओपन हार्ट सर्जरी प्रभावित हो रही है। यह किट सर्जरी के दौरन मरीजों के रक्त में मौजूद ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड को परखने के लिए महत्वपूर्ण होती है। किट के अभाव से मरीजों की सर्जरी शुरू नहीं हो पा रही है, जो पिछले तीन महीनों से अटकी पड़ी है। भाजपा सरकार को जनता के जीवन से कोई लेना देना नहीं है। ये पोस्टर वाली सरकार है। जनता को अब समझने की जरूरत है।

### निगम में समीक्षा बैठक

रायपुर। गांधी सदन में आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बुधवार को साप्ताहिक समय सीमा बैठक ली। जिसमें उन्होंने सभी जोन कमिष्नरों को शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। अनुबंधित रामकी कंपनी द्वारा किये जा रहे डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य व रोड के किनारे के सफाई कार्य की मॉनिटरिंग करने हिदायत दी। निगम आयुक्त ने लाखे नगर चौक में लैण्ड स्केपिंग करवाकर चौक को सुंदर बनवाने के निर्देश जोन 5 कमिश्नर विमल शर्मा को दिये है। बैठक में उपस्थित जोन कमिश्नरों को उद्यानों को सुव्यवस्थित स्वरूप देने का कार्य जल्द पूरा कराने निर्देशित किया है।

### अवैध निर्माण नियमितीकरण के 6 हजार प्रकरण लंबित

**रायपुर।** नगर निगम के दस जोन में अवैध निर्माण नियमित कराने 6 हजार आवेदक नियमितीकरण नहीं होने से परेशान हैं। पिछले 5 माह से कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जांच समिति की बैठक नहीं होने से हजारों आवेदकों को मायूस होना पड़ रहा है। अवैध निर्माण को नियमित कराने सबसे ज्यादा आवेदन आउटर स्थित अमलीडीह के जोन 10 के सात वार्डों से प्राप्त हुए हैं। इनकी संख्या 1 हजार के करीब है। वहीं महोबाबाजार स्थित जोन 8 से मिले 800 अवैध निर्माण नियमितीकरण के प्रकरण लंबित हैं। 1 साल पूर्व इन आवेदकों ने संबंधित जोन में अवैध निर्माण को नियमित कराने आवेदन लगाया था, पर नियमितीकरण नहीं होने से इन्हें बैंक लोन नहीं मिल रहा है, नक्शा पास कराने में भी दिक्कत आ रही है।

## निधन

### निहालचंद बैद

**दल्लीराजहरा।** जैन समाज के समाजसेवी स्थानीय वार्ड क्र. 25, शास्त्री मार्केट निवासी निहाल चंद बैद (58 वर्ष) का 28 अगस्त को नागपुर में निधन हो गया। वे भूरी बाई बैद तथा मिलाप चंद बैद के पुत्र, लता बैद के पति, आशीष बैद व निखिल बैद और नीलू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 29 अगस्त को चिखलाकसा स्थित मुक्तिधाम में किया गया।



# सौ बिस्तर वाले जिला अस्पताल में मच्छरों की भरमार, मच्छरदानी नहीं

## अस्पताल में भर्ती मरीजों को मच्छरों से ज्यादा विभागीय लारवाही से खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में डेंगू, मलेरिया, डायरिया सहित स्वाइन फ्लू के मामले भी सामने आ रहे हैं, जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क नजर आ रहा है। विभाग लोगों को सावधानी बरतने के साथ जागरूकता अभियान भी चला रहा है। वहीं, दूसरी ओर जिले के सबसे बड़े 100 बिस्तरों वाले जिला अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही भी साफ नजर आ रही है।

बीमार व्यक्ति अस्पताल में स्वस्थ होने जाते हैं, लेकिन जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को मच्छरों से खतरा है। मच्छर काटने से मरीजों को डेंगू व मलेरिया जैसी घातक बीमारी का भी सामना करना पड़ सकता है। दरअसल स्वास्थ्य विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च कर जिला अस्पताल में करीब दो साल पहले ही 100 बिस्तरों के हिसाब से 100 नग मच्छरदानी उपलब्ध कराए गए थे, जिसे हर एक बिस्तर में लगाना था।

हालांकि अधिकांश बिस्तरों में मच्छरदानी लगी हुई थी, लेकिन कुछ ही महिनों के भीतर अस्पताल में मरम्मत कार्य करने का हवाला देकर उसे निकाल दिया गया, जो दुबारा लगा ही नहीं। करीब साल भर से यहां जो भी मरीज इलाज कराने भर्ती हो रहे हैं वे बिना मच्छरदानी के ही बिस्तर पर सो रहे हैं, जबकि अस्पताल में मच्छर बहुत हैं। ऐसे में मरीजों को डेंगू या मलेरिया जैसे बीमारी से बचाने के लिए जिम्मेदारों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं।

### अधिकारी नहीं दे पा रहे जवाब

जिला अस्पताल के पुरुष वार्ड व महिला वार्ड में भी एक भी बिस्तर में कहीं पर भी मच्छरदानी नजर नही आई। स्वास्थ्य विभाग सहित जिला प्रशासन को अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर जांच करनी चाहिए, ताकि मरीजों को यहां मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने आ सके। साल भर से यहां मच्छरदानी गायब है, जबकि अस्पताल के सभी बिस्तरों के लिए करीब दो साल पहले मच्छरदानी लगाया गया था और अब मच्छरदानी वापस लगाने अस्पताल प्रबंधन व स्वास्थ्य विभाग कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। इस मामले में अस्पताल के सिविल सर्जन से सपंर्क किया गया, लेकिन उनका फोन बंद आया। वहीं, सीएमएचओ डॉक्टर सूर्यवंशी से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।



### राज्य से मांग करेंगे

मच्छरदानी अस्पताल में दिया हुआ है। अस्पताल का रिनिवल हुआ होगा तो उसे इधर उधर कर दिए होंगे। अगर और जरूरत पड़ेगी तो बताएंगे तो हम राज्य से मांग करेंगे।

\- डॉक्टर सोनबोइर
मलेरिया अधिकारी

## पखवाड़ा

**39 वाँ नेत्रदान पखवाड़ा के तहत 30 लोगों ने की नेत्रदान की घोषणा**

# जिले में 1823 विद्यार्थियों की जांच में 73 में मिले दृष्टिदोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में 39 वाँ नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के चौथे दिन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिखलाकसा में 123 लोगों की नेत्र जांच की गई। जिसमें 01 एक मरीज मोतियाबिंद, 02 दृष्टिदोष, एवं 04 व्यक्ति के द्वारा नेत्रदान घोषणा पत्र भरा गया। जिले में नेत्र परीक्षण में 28 अगस्त तक 1487 मरीजों की जांच की गई। 1823 स्कूली छात्रों का नेत्र परीक्षण किया गया है, जिसमें 73 दृष्टिदोष के मरीज मिले, मोतियाबिंद के 42 मरीजों में से 13 का ऑपरेशन पखवाड़ा के दौरान कराया गया एवं 30 नेत्रदान घोषणा पत्र भरवाया गया। जिलाधीश इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम. सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिला नोडल अधिकारी डॉ.एके.मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा के मार्गदर्शन एवं सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक जिले के समस्त विकासखण्ड में 39 वाँ नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, पखवाड़ा का आज चौथा दिवस है।

■ चिखलाकसा में 123 लोगों की हुई नेत्र जांच




जिले के जिला चिकित्सालय व समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में नेत्र परीक्षण का कार्य किया जाता है। नेत्रदान एक महादान है। एक व्यक्ति के मृत्यु उपरांत नेत्रदान करने से दो व्यक्ति को नेत्र ज्योति प्रदान किया जा सकता है। आंखों में चोट लगना, आंखों में संक्रमण, बच्चों में विटामिन ए की कमी, बच्चों में कुपोषण, जन्मजात दृष्टिहीनता (कार्निया), रसायन (अम्ल क्षार) से जलना, नेत्ररोग, दुर्घटनावश श्वेतपटल में आये चोट से श्वेतपटल में सफेदी आ जाती है, जिससे रोशनी अंदर नहीं जा पाती। इसे व्यक्ति को दिखाई नहीं देना उसे नेत्रदान से ठीक किया जाता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिखलाकसा में नेत्रदान पखवाडा का आयोजन किया गया जिसमें स्टाफ का सराहनीय यागदान रहा। ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी ओपी. चन्द्राकर, नेत्र सहायक अधिकारी दिनेश कुमार सिन्हा, लेखापाल धनराज साहू, स्टाफ नर्स मीना उइके, ललीता ठाकुर, सुपरवाईजर एम. अली, फार्मासिस्ट घनश्याम उपस्थित थे।

### 5 से 70 साल तक का व्यक्ति कर सकता है नेत्रदान

इसमें 05 वर्ष से 70 वर्ष तक के व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है। आयु, लिंग, जाति का कोई बंधन नहीं। मृत्यु के तुरंत बाद जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुचना देना आवश्यक है। मृत्यु पूर्व एड्स, पीलिया, कैंसर (ब्लड), रैबीज, सेप्टीसीमिया, टिटनेस, सर्पदंश, सिफलीस, जलने या डुबने से मृत्यु हो तो नेत्रदान के अयोग्य माने जाते है।

## भाजपा मंडल डौंडी में सदस्यता अभियान को लेकर हुई कार्यशाला



**डोंडी।** भाजपा मंडल डौंडी द्वारा सामुदायिक भवन में भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाजपा मंडल डौंडी के समस्त मोर्चा के अध्यक्ष पदाधिकारी, मंडल के समस्त पदाधिकारी, जिला भाजपा के पदाधिकारी, समस्त पार्षद गण, अन्य श्रेष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यशाला को मुख्य वक्ता जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावते व प्रशिक्षक हरीश कटझरे ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 2 सितंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को भाजपा का सदस्य बनाया जाएगा। उसके बाद कार्यकर्ता सदस्य बनेंगे। प्रथम चरण में डिजिटल के माध्यम से भाजपा सदस्यता अभियान चलायेंगे। हमारे कार्यकर्ता सब बूथ पर कम से कम 200 सदस्य बनाएंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा ने अपने संबोधन में टोल फ्री नंबर, नमो ऐप, क्यूआर कोड के माध्यम से अधिक से अधिक भाजपा सदस्य बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदास्य होरीलाल रावटे, आईटी सेल के हरीश कटझरे, मंडल अध्यक्ष मनीष झा के अलावा जिला उपाध्यक्ष अनिता कुमेटी , शुभ सिंह कोरेती नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी, भीखी मसिया उपाध्यक्ष रूपेश नायक, अब्दुल इब्राहिम मंडल उपाध्यक्ष हितेश साहू ,हिन्छा साहू महामंत्री अजय चौहान, टिकेंद्र साहू ,योगेन्द्र सिन्हा, मितेंद्र वैष्णव, रेखा चौहान, संगीता साहू, विजय डडसेना, राधिका भारद्वाज, अंगत टेकाम, बलवंत साहू, शशि निषाद सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युक्तियुक्तकरण का विरोध, शिक्षकों ने विधायक निषाद को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुंदा

युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षक संगठनों ने विरोध करते जिला और ब्लॉक पदाधिकारियो ने गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद से मिलकर युक्तिकरण में हो रही गड़बड़ी की ओर ध्यान आकर्षित किया, उन्हें ज्ञापन सौपा गया।

शिक्षक संगठनों ने कहा वर्तमान में जारी सेटअप शिक्षक या समाज विरोधी है। जिसके तहत शिक्षक भर्ती भविष्य में नहीं निकलेगी और बेरोजगारी बढ़ेगी। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मिडिल स्कूलों मे विषयवार शिक्षक के नियुक्ति का नियम है, वहां नये युक्तिकरण के सेटअप में मिडिल स्कूलों मे एक प्रधानपाठक और तीन शिक्षक का नियम रखा गया है, जबकि मिडिल स्कूल में 6 विषय में छः शिक्षक और एक प्रधानपाठक की नियुक्ति होनी चाहिए, किन्तु नई शिक्षा नीति के नियमों के विपरीत यह सेटअप शिक्षा व्यवस्था को चौपट कर देने वाला है।

इसी तरह अन्य विसंगतियों की जानकारी देते हुए युक्तियुक्तकरण को रोकने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला संयोजक देवेन्द्र हरमुख व ब्लॉक संयोजक छबीलाल साहू, राजेंद्र देशमुख, किशन लाल साहू, शैलेन्द्र ठाकुर, सुभाष गजेंद्र, तुलेश्वर साहू, गजेंद्र यदु ,धर्मेंद्र सोनी, अरविंद सोनी, कामता प्रसाद साहू, पूर्णेद धनकर, पवन जोशी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

### शिक्षकों ने मांगों के लिए विधायक संगीता को सौंपा ज्ञापन

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने युक्ति युक्तकरण नियम, ऑनलाईन, अवकाश नियम में संशोधन करने व शिक्षक एलबी संवर्ग की मुख्य मांगों के संबंध में विधायक संगीता सिन्हा को ज्ञापन सौंपा।



# नगर विकास की मांग को लेकर निकाली गई रैली में नहीं पहुंचे सांसद-विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

जन-जन में चर्चा का विषय है की नगर विकास को लेकर दल्लीराजहरा में आयोजित कार्यक्रम में जनता के द्वारा चुने गए सांसद और विधायक क्यों नहीं पहुंचे हैं, क्या उन्हें कोई विशेष निमंत्रण देने की जरूरत थी। सांसद भोजराज नाग डौडी ब्लॉक के जन समस्या निवारण शिविर में 3 घंटे रहे, परंतु दल्लीराजहरा की समस्या जानने नहीं पहुंचे। वहीं, विधायक अनिला भेड़िया ने भी इस दौरान अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। इस विषय को लेकर लेकर नगर वासियों के बीच काफी नाराजगी देखी जा रही है।

■ समस्याएं जानने नहीं जनप्रतिनिधियों के नहीं पहुंचने पर लोगों ने जताई नाराजगी

दल्लीराजहरा में बाइक रैली और बंद का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों की 8 सूत्रीय मांगों को शासन सरकार और अधिकारियों तक पहुंचाना था। इस आयोजन के माध्यम से लोगों ने अपने अधिकारों और नगर के विकास के लिए आवाज उठाई। इन मांगों में प्रमुख रूप से सरकारी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की स्थापना, स्थानीय परिवहन संघ को खनन कार्य से जोड़ना, केंद्रीय विद्यालय की स्थापना, और अन्य विकास कार्य शामिल हैं। लेकिन इस आयोजन में स्थानीय सांसद भोजराज नाग और विधायक अनिला भेड़िया की अनुपस्थिति ने लोगों में असंतोष पैदा कर दिया। लोगों का मानना है कि उनके जनप्रतिनिधियों को उनकी समस्याओं और मांगों का समर्थन करना चाहिए था। लोगों का मानना है कि सांसद व विधायक को उनकी समस्याओं और मांगों को सुनना और उनका समर्थन करना चाहिए था। दल्लीराजहरा के सर्वधर्म सर्वमंच, श्रमिक संगठनों, और सामाजिक संगठनों के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सांसद-विधायक आम जनता द्वारा चुने जाते हैं, और उन्हें सभी के लिए काम करना चाहिए। आम जनता के द्वारा चुनी गई विधायक अनिला भेड़िया भी रैली में नहीं पहुंचीं, जबकि कांग्रेस शासन काल में कैबिनेट मंत्री रहने के दौरान उन्होंने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया था, परंतु पूरा नहीं किया।



### मुझे नहीं मिली सूचना : नाग

इस संबंध में कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग ने कहा कि मैं रैली निकालने के लिए सांसद नहीं बना हूं। शासन हमारा है। संसद में बात रखनी है, तो शांतिपूर्ण ढंग से बैठकर चर्चा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि रैली निकालने से समस्या का हल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की जानकारी किसी ने नहीं दी थी। इसलिए मैं रैली में शामिल नहीं हो सका। वहीं, इस संबंध में जानकारी लेने विधायक अनिला भेड़िया को कई बार फोन लगाया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया, जिसके कारण उनका पक्ष नहीं लकया जा सका।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर की छात्राओं को मिली सायकिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

छत्तीसगढ़ राज्य शासन की सरस्वती निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना के तहत 28 अगस्त को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जामगांव आर सत्र 2024 –25 में अध्यनरत कक्षा 9वी के 37 बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया।

अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जामगांव आर नरेश केला, सरपंच जामगांव आर राजकुमार ठाकुर, शाला सांसद प्रतिनिधि जामगांव आर मुकेश साहू, उपाध्यक्ष भाजपा दक्षिण पाटन मंडल अंगेश्वर साहू, मुकेश शुक्ला, सेवानिवृत्ति व्याख्याता रोमन सिंह साहू तथा पालक उपस्थित थे। प्राचार्य राजेश पिल्लई ने आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से सरस्वती निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना के प्रभारी शिक्षक किशोर कुमार साहू, डीके. साहू, ताम्रध्वज बंजारे, विनीता सुधीर, सरजू राम ठाकुर, ललिता देवांगन, दीप्ति प्रधान, नीलकंठ धीवर, गौरव मिथिलेश, डोमन लाल साहू एवं सुदर्शन लाल चंदेल उपस्थित थे।


**संत ऋषभ सागर जी ने अंतगड सूत्र का किया वाचन**

# पुण्य से वैभव प्राप्त हुआ है तो उसका भी सदुपयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मुमुक्षु आत्मायें मोक्ष प्राप्ति के लिए कठिन से कठिन साधना करने को तैयार रहते हैं, ऐसे ही चरित्र आत्माओं को जानने का प्रयास हम आगम के अंतगड सूत्र के माध्यम से कर रहे हैं। सुधर्मा स्वामी द्वारा जम्बू स्वामी को बताई गई बातों का इस शास्त्र में वर्णन किया गया है। वही पार्श्वनाथ की मूर्ति 30 अगस्त को विराजमान की जाएगी।

महावीर भवन में अंतगड सूत्र का वाचन करते हुए संत ऋषभ सागरजी म सा ने उन सिद्ध बुद्ध आत्माओं का वर्णन किया, जिन्होंने जीवन में काफी कष्ट सहते हुए सिद्धत्व और बुद्धत्व को प्राप्त किया। उन्होंने गजसुकुमाल, अर्जुनमाली, अईमुक्ता कुमार के जीवन का वर्णन किया, जिन्होंने आत्मा के कल्याण का मार्ग चुना और संयम लेकर कठोर साधना की। उन्होंने कहा कि तप वही कर सकता है जिसमे शरीर और पदार्थों के प्रति आसक्ति छुटे।



हम सुख की अभिलाषा में धर्म करते हैं लेकिन ज्ञानी पाप से बचने को धर्म मानते हैं, पाप का पश्याताप करने से भी कर्म कटते है। जीवन मे प्रत्येक चीजों का सदुपयोग किया जाना चाहिए। पानी का सदुपयोग करें, समय का सदुपयोग करें। यदि पुण्य से वैभव प्राप्त हुआ है तो उसका भी सदुपयोग करना चाहिए।

कलअरिहंत भगवंतों की स्थापना करके 15 दिनों तक उनकी आराधना की जाएगी। उनके जीवन की साधना ओर गुणों को अपने भीतर आत्मसात करने के लिए अधिक से अधिक धर्म आराधना की जायेगी। इस हेतु सम्मेद शिखर तीर्थ की झांकी बनाकर भगवान पार्श्वनाथ की बड़ी प्रतिमा एवं 7 अन्य प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी।

### संगीता गोलछा ने लिया 9 उपवास का पचखान

भगवानों को विराजमान कराने की बोली की गई, जिन भाग्यशालियों ने बोली ली है वे हैं डॉ प्रदीप जैन, विकास भंसाली, प्रकाश भंसाली, लीला लाले शर्मा एवं ऋषभ चौरड़िया, प्रतिदिन सुबह शाम आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। प्रथम दिवस प्रसाद वितरण का लाभ अक्षय निधि तप कर रहे श्राविकाओं ने लिया है। प्रतिदिन प्रसाद वितरण के एवं आरती कराने के भी लाभार्थी बनाये जाएंगे। बेरला से आये संगीता गोलछा ने 9 उपवास का पचखान लिया।

# मोहारा में सवा लाख गायत्री मंत्र जप अनुष्ठान की हुई पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर



गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में गुरुपूर्णिमा से 40 दिवसीय श्रावणमासी नित्य यज्ञ एवं सवा लाख गायत्री मंत्र जप अनुष्ठान का पूर्णाहुति एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से किया गया।

इस अवसर पर मुख्य यजमान डॉ गोपाल साहू, अनुसूईया साहू, डॉ डीएल गंजीर, उषा गंजीर, डॉ हरिकृष्ण गंजीर, रुखमती गंजीर थे। यज्ञ का संचालन यज्ञाचार्य प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ सह समन्वयक चम्पेश्वर साहू ने किया। डॉ गोपाल साहू का निरन्तर 40 दिवसीय अनुष्ठान का 26वाँ वर्ष पूर्ण हुआ है।

इस अवसर पर चम्पेश्वर साहू द्वारा शांतिकुंज का संदेश विजन 2026 परम वंदनिया माता जी की जन्म शताब्दी की जानकारी एवं विभिन्न मण्डलों का पुनर्गठन तथा रचनात्मक कार्य जैसे बालसंस्कार शाला, पौधारोपण एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। डॉ गोपाल साहू द्वारा साधना अनुष्ठान की महत्व एवं उनसे होने वाले मानसिक, शारीरिक आर्थिक एवं आध्यात्मिक लाभ के बारे पूर्ण जानकारी दी।

कार्यक्रम को सुखित राम नायक ने भी संबोधित किया। गायत्री प्रज्ञा पीठ के संयोजक डॉ डीएल गंजीर ने आभार व्यक्त किया। इस पूर्णाहुति में शंकर लाल साहू, जोहनी साहू, दीपक साहू देवला साहू, सुखीतराम नायक, असमत बाई नायक, दानवीर नायक, अजित राम गंजीर, गणेश राम साहू, सालिक राम साहू, तोरण बाई साहू, डॉ पवन गंजीर, राजकुमारी गंजीर सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### जपं गुरूर में महिला बाल विकास विभाग की हुई बैठक

**गुरूर।** महिला बाल विकास की बैठक जनपद पंचायत गुरुर सभाकक्ष में रखी गई। बैठक में जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष तोषन साहू, सभापति राजश्री यादेश्वर, सदस्य चित्ररेखा साहू, कुलेश्वरी रूपेंद्र गावडे, संध्या अजेंद्र साहू, चांदनी भोजराज देवांगन, सभापति एसकुमार कलिहारी एवं महिला बाल विकास अधिकारी मंडावी, डॉक्टर रावटे, महेश पटेल सम्मलित हुए।

### सुधा को हेमचंद यादव विवि ने दी पीएचडी की उपाधि

**अर्जुंदा।** ग्राम ओड़ारसकरी अर्जुंदा निवासी सुधा यादव को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने



समाजशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर के एन दिनेश के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य के महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक स्थिति के संवर्धन में ग्रामीण महिला सुरक्षा समूह (महिला कमांडो) की भूमिका के एक समाजशास्त्रीय अध्ययन के विशेष संदर्भ में सुधा यादव ने अपना शोधकार्य पूर्ण किया।

### सशिमं के बच्चों को खिलाई गई कृमिनाशक दवा



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत 108 भईया बहनों को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई गई। प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने कहा कि स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए, ताकि हम स्वस्थ रहें। आचार्य सुखीत राम कलिहारी ने कहा कि खाना खाने के पहले और शौच के पश्चात हाथ को साफ पानी में एवं साबुन से अच्छी तरह से धोना चाहिए। नाखून छोटा हो ताकि मैल न भरे, संतुलित व पौष्टिक आहार सेवन करना चाहिए। इस अवसर पर आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, दीदी टुमेश्वरी पटेल, छबिलता पटेल, रंजना सिन्हा, चितेश्वरी साहू, लिलेश्वरी साहू का विशेष सहयोग रहा।

### बच्चों को खिलाई गई कृमिनाशक दवा

**बालोद।** स्वास्थ्य, शिक्षा व महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 29 अगस्त को शासकीय कन्या माध्यमिक शाला बालोद व आंगनबाड़ी केन्द्र जमरूवा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके. सूर्यवंशी व महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन द्वारा बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेडाजॉल की दवा खिलाकर किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 29 अगस्त को 1 से 19 वर्ष के बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल की गोली समस्त शासकीय, निजी स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में दवा का सेवन कराया जाएगा तथा छूटे हुए बच्चों को 04 सितम्बर 2024 को मॉपअप दिवस पर कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी डॉ. जेके. सिंह, जिला मीडिया अधिकारी आरके. सोनबोईर, जिला सलाहकार सूर्यकान्त साहू, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण नायक, एसएल. देवांगन, ललिता साहू, उशा संतोश, विद्यालय के शिक्षक व बच्चे, आंगनबाड़ी केन्द्र के स्टॉफ व बच्चे एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### पेंशनर्स महासंघ का सम्मेलन एक सितंबर को

**भिलाई।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का संभागीय सम्मेलन रविवार एक सितंबर को लोक निर्माण विभाग दुर्ग के बस स्टैंड के पास कार्यालय स्थित कॉंफ्रेंस हाल में सुबह 11 से 1.30 बजे तक आयोजित किया गया है।

## आयोजन : अंचल में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी, जगह-जगह हुए कार्यक्रम

# जन्माष्टमी पर मटकी फोड़कर दही लूटने उमड़ी गोविंदा की टोलियां, दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा सहित पूरे क्षेत्र में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में जहां बाल गोपाल की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं, दूसरी ओर बच्चों एवं युवाओं ने दही लूट का आनंद लिया। इस अवसर पर लोगों ने एकत्रित होकर मटकी फोड़ने की प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें युवा और बच्चों की खास भागीदारी रही। दही लूट का आयोजन स्थानीय स्तर पर कई स्थानों पर किया गया, जहाँ मटकी ऊँचाई पर लटकाई गई और प्रतिभागियों को उसे फोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान लोगों में भारी उत्साह देखा गया और कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। दल्लीराजहरा के विभिन्न स्थानों पर दही लूट का आयोजन किया गया। इस दौरान जेसीबी मशीन के माध्यम से ऊंचाइयों तक मटकी लटकाई गई थी, जिसे फोड़ने के लिए गोविंदा की टोलियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी।

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंडर दल्ली परिक्षेत्र अंतर्गत परिक्षेत्रीय यादव समाज द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पंडर दल्ली वार्ड क्रमांक 02 गणेश चौक स्थित सामुदायिक कला मंच में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की स्थापना की गई। जहां यादव समाज के महिला पुरूष सहित नन्हे मुन्ने बच्चों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को मनाया गया समाज की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर दो दिवसीय पर्व में अपनी सहभागिता दी। भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा 27 अगस्त को विराजित की, जहां देर-रात तक देव जसगीत सहित विविध धार्मिक आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दूसरे दिन 28 अगस्त को संध्या भगवान की प्रतिमा का विसर्जन पारम्परिक राऊत नाचा के आयोजन के साथ किया गया।




### मयूर पब्लिक स्कूल कुम्हारखान में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**गुरूर।** मयूर पब्लिक स्कूल कुम्हारखान में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि संस्था के संचालक हेमलता साहू थीं, विशेष अतिथि संस्था के प्राचार्य मोती लाल साहू, जयंती यादव, चमेली साहू, वंदना यदु, मोनल साहू, भीमेश्वरी, भारती साहू, धनेश्वरी नार्वे, नीलम थे। प्रतियोगिता में प्रथम नर्सरी से डिंपल पटेल, द्वितीय आयुष कुमार, केजी वन से प्रथम सेजल, द्वितीय मनन साहू, केजी टू से प्रथम भव्य ध्रुव, द्वितीय तनवी साहू, पहली से प्रथम शिवम नेताम द्वितीय देवांशी निषाद, दूसरी से प्रथम इशांत ध्रुव, द्वितीय गीतिका साहू, तीसरी से प्रथम डेमिन ठाकुर, द्वितीय ओम यादव, चौथी प्रथम से खुशांत यादव, द्वितीय यशिका यादव, पांचवी से प्रथम मुस्कान यादव, छठवीं से इशिका प्रजापति ने प्राप्त किया।



### सलौनी में कृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली शोभायात्रा



**अंडा।** समीपस्थ ग्राम पंचायत सलौनी में 26 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव समारोह बंजरग चौक में हुआ। यादव बंधुओं ने सुबह 10 बजे शोभायात्रा निकालकर गांव भ्रमण किया। साथ ही शाम 7 बजे राउत नाचा के साथ कृष्ण जन्मोत्सव व दही लूट कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि उपसरपंच ग्राम पंचायत तिलखैरी,सलौनी केदार देशमुख के व्दारा किया। जगह-जगह विभिन्न आयोजन हुए। मंदिरों में विशेष पूजन और प्रसादी हुआ। वहीं विभिन्न गांव में रात्रि में मटका फोड़ आयोजित हुई। सुबह से ही घरों में नन्हें मुन्हें बच्चों को राधा- कृष्ण के रूपों में सजाकर माता- पिता और परिवार जन हर्षित है। जिस तरह कृष्ण जी ने अपने बाल रूप से सबका मन मोहा था।


### सरस्वती शिशु मंदिर घीना में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

**बालोद।** सरस्वती शिशु मंदिर घीना में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रशांत भारद्वाज थे, अध्यक्षता समाजसेवी डालचंद जैन ने की। विशेष अतिथि डॉक्टर आईके पटेल, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना एमएल ठाकुर, नरेंद्र कुमार निषाद, बी.मानिकपुरी, सचिव ग्राम पंचायत घीना बसंत सिन्हा, सदस्य सरस्वती शिशु मंदिर घीना रिखीराम तारम, व्याख्याकार गजानन्द डडसेना एवं मंच संचालनकर्ता घीना बिझवार तारम, रोहित डडसेना, जोहर तारम, पोशक ग्राम नवागांव से समस्त पालक, पोशक ग्राम हड़गहन से पालकगण एवं घीना के पालक के पालक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर प्रभात फेरी गलियों में हांडी फोड़ कर कृष्ण, बलराम, सुदामा, राधा रानी का गली भ्रमण किया गया। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर घीना के भैया बहनों शानदार कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया।



### गांधी विद्या मंदिर सिकोसा में कृष्ण जन्माष्टमी पर सजाई सुंदर झांकी

**बालोद/सिकोसा।** गांधी विद्या मंदिर सिकोसा में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। बच्चे श्री कृष्ण और राधा की वेशभूषा में सजधज कर स्कूल पहुंचे। बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण की पूजन अर्चना कर जन्मोत्सव की कथा सुनाई। राधा और श्री कृष्ण बने बाल गोपालों ने सबका मन मोह लिया। नृत्य के माध्यम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी की सुंदर झांकी भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में कक्षा के छात्र समीक्षा, अशिता, हरमन, सचिका, काव्या अद्विक, कृतविका, एंजेल, वाणीका, दिव्यांश, शिवाय, विहान, अवान्या शामिल दीनानाथ पालक समिति के अध्यक्ष प्रधानाचार्य एसपी निषाद, आचार्या तामेश्वरी साहू, मनीषा, कविता यादव, जे निषाद, डाली कश्यप उपस्थित थे।



# करपिहा बिलासपुर ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ ग्राम अंजोरा दुर्ग में कृष्ण जन्माष्टी पर हुई प्रतियोगिता

दुर्गग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ग्राम अंजोरा दुर्ग में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 44 वां वर्ष के रूप में नवभारत क्रीड़ा मंडल अंजोरा एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 52 टीमों ने भाग लिया। उनमें से प्रथम पुरस्कार करपिहा बिलासपुर, द्वितीय-सेवन सितारा बिरोदा (धमधा) तृतीय- युथ क्लब डोगरगढ़ चतुर्थ-जय शीतला क्लब उतई दुर्ग रहा। बेस्ट आलराउन्डर का पुरस्कार दुर्गेश नेताम करपिहा बिलासपुर बेस्ट रेडर विनय साहू बिरोदा धमधा, बेस्ट

कैचर डोगरगढ़, बेस्ट ब्लाकर जीमू उतई रहा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर पूर्व विधायक दुर्ग ग्रामीण, अध्यक्षता क्षितिज चन्द्राकर अध्यक्ष प्रोफेसनल कॉंग्रेस छ.ग. जयंत देशमुख अध्यक्ष युवक कांग्रेस दीप सास्वत थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ललित चन्द्राकर,विधायक दुर्ग ग्रामीण थे, अध्यक्षता लक्ष्मी यशवत साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने की। वहीं, विशेष अतिथि योगिता चन्द्राकर जिला पंचायत सदस्य दुर्ग कमलेश पंवार मेनेजर टापवर्थ स्टील रसमड़ा प्रदीप चन्द्राकर पूर्व जनपद सदस्य कुथरेल मनोज पवांर पूर्व सभापति जनपद पंचायत दुर्ग थे। निर्णायकों की भूमिका ताम्रध्वज देशमुख बेमेतरा, परमानंद साहू राजनांदगांव, जीवन लाल साहू चौकी, हीरा उइके खैरागढ़, समारूराम निषाद दुर्ग, राजेन्द्र साहू खैरागढ़, सुलेचंद जंघेल धमघा,

केशव साहू बिरोदा, ढेलू निषाद डोगरगढ़, दीपक यादप भरदा, झम्मन दिल्लीवार अंछोटी संतोष मानिकपुरी अंछोटी होलकर पारकर आलबरस ने निभाई। कार्यक्रम का

संचालन नारायण साहू पूर्व सचिव कबड्डी संघ दुर्ग ने किया।



# सिद्धि विनायक शिक्षण समिति के अध्यक्ष बने डॉ हरदेल



**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक के ग्राम जगन्नाथपुर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय का संचालन सिद्धि विनायक शिक्षण समिति द्वारा किया जाता है। यहां बुधवार को नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। इसमें अध्यक्ष डॉ सुभाष हरदेल को बनाया गया। चुनाव अधिकारी सियाराम सार्वा, पूर्व जिला सचिव एवं पर्यवेक्षक दुलार सिंह पटेल, नरेंद्र कुमार साहू जिला सचिव, दीपक हिरवानी जिला समन्वयक के निर्देशन में पदाधिकारी का चुनाव हुआ। इस दौरान अध्यक्ष डॉ सुभाष चंद हरदेल के अलावा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार जेठमल, सचिव खिलानंद गिलहरा, संयुक्त सचिव कोमिन साहू, कोषाध्यक्ष जितेंद्र देशमुख, सदस्य अभ्यास राम साहू, हुकुम लाल साहू, ओमप्रकाश देशमुख, कमलेश्वरी चुरेंद्र, संतोष देशमुख, अरुण साहू, जिला शिक्षा समिति सदस्य नरेंद्र कुमार साहू, बीआर बेलसर और पदेन सदस्य प्रधानाचार्य ताराचंद साहू बनाए गए। इस दौरान समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## पेज 9 के शेष

### कुसुमकसा में डायरिया ...

गए नियमित उपचार, दवाईयों के वितरण सहित पीड़ित मरीजों के निरंतर स्वास्थ्य की जानकारी लेने जैसे कार्यों की ग्रामीणों ने सराहना की। स्वास्थ्य कैंप में उपचार एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी ,मितानिनों द्वारा डायरिया से पीड़ितों के घरों में पहुंचकर नियमित प्रभावित मरीजों स्वास्थ्य की जांच कर दी गई दवाइयां का नियत समय में सेवन करने, खानपान उबला पानी पीने की जानकारी ले रहे हैं। कुल 13 पीड़ित ग्रामीणों का उचित उपचार दल्लीराजहरा के निजी व जिला के शासकीय अस्पताल में किया जा रहा है, बाकी ग्रामीणों का उपचार उनके घरों पर ही हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग सहित मितानिनों की टीम घर घर जाकर जांच कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे है। प्रभावित क्षेत्रों में ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव किया गया है।

**खबर का असर, कूलर चालू:** इस बीच उमस भरी गर्मी में अटल समरसता भवन में कूलर की व्यवस्था ना होने से उपचार कराने आ रहे ग्रामीणों तथा कार्यरत स्वास्थ्य विभाग, मितानिनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में हरिभूमि में समाचार प्रकाशन के बाद कूलर चालू कर दिया गया। **ग्रामीण कन्हैया लाल अपने निजी बोर से 40 घरों को दे रहे पानी:** इस बीच दूषित पानी होने के अंदेशे से अटल समरसता भवन के सामने स्थित बोर को बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों को पानी के लिए ना भटकना पड़े इसलिए कुआं चौक निवासी कन्हैया लाल भौसार्य सुबह शाम अपने निजी बोर से पानी उपलब्ध करा रहे हैं। इससे लगभग 40 घरों के ग्रामीण पानी ले जा रहे हैं।

### शासकीय बालक उच्चतर ...

कराने तथा शाला के नवीन भवन का निर्माण जल्द से जल्द कराने की मांग की है। नीलिमा ने बताया कि शाला भवन के कक्ष क्रमांक 5 एवं 6 में नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत हेल्थ केयर की कक्षा संचालित हो रही थी। उक्त कक्ष में कंपनी द्वारा पीओपी करने के बाद बरसात होने पर छत से पानी सीपेज होने लगा। इससे कमरे में कक्षा लगाने लायक नहीं है। उक्त दोनों कमरों के छत की मरम्मत की आवश्कता है। हेल्थ केयर की पढ़ाई बिना प्रयोगशाला के नहीं हो सकती है, जिसके कारण बच्चों को अध्ययन करने में अनेक बाधा आ रही है। शाला में शिक्षक हैं, किंतु बच्चों के पढ़ने के लिए पर्याप्त कमरा नहीं है। प्रैक्टिकल का सामान भी कमरे के अभाव में पानी में भीग रहा है, जिसे प्लास्टिक से ढका गया है। ऐसे में 10वीं एवं 12वीं कक्षा के बच्चे बोर्ड परीक्षा की तैयारी कैसे करेंगे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### सीसी रोड निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

**कुसुमकसा।** ग्राम पंचायत कुसुमकसा में वार्ड नंबर 13 में 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन जनपद सदस्य संजय बैंस ने पूजा अर्चना कर किया। जनपद सदस्य संजय बैस अपने निधि से वार्ड वासियों की मांग पर पांच लाख रुपए स्वीकृति प्रदान की थी। इसके लिए वार्डवासियों ने श्री बैंस का आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम में खेमिन निर्मलकर ,शशि उइके निर्भय राम साहू सिराज खान पढ़ोती गायत्री मानिकपुरी नीलोफर खान गौरी शंकर साहू संतु राम माहला हरीश चंद्र यादव फिरोज खान सहित मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

### पसौद में शासकीय जमीन पर कब्जा, कलेक्टर से शिकायत

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसौद निवासी रामकुमार साहू ने मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में गांव के कुछ लोगों पर शासकीय जमीन के साथ साल सागौन के पेड़ पर कब्ज़ा करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है।



उन्होंने बताया कि इसके साथ ही शीतला मार्ग वार्ड 13 में 10 ट्रिप मिट्टी डालकर बारिश के पानी को रोक दिया गया है। इससे गली में पानी जमा हो जाता है। इससे आने-जाने वाले लोगों को दिक्क़तों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में बारिश का पानी उनके खेतों से होकर निकलता था। इस संबंध में कलेक्टर को जनदर्शन में 12 मार्च 2024 को आवेदन दिया था, जिस पर कार्रवाई नहीं होने से अवैध कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कलेक्टर से शासकीय जमीन से कब्ज़ा हटाने की मांग की है।

### पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष बने मुकेश

**बालोद/अंडा।** ग्राम खप्परवाड़ा निवासी मुकेश चंद्राकर को बालोद जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर रायपुर ने सभी समाज प्रमुखों के द्वारा मुकेश चंद्राकर के संबंध में की गई प्रशंसा के आधार पर की है। इन्हें अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग में जागरण अभियान चलाकर सभी को एकाकृत कर संगठन में स्थान देकर जिला संगठन का विस्तार करने का भी अधिकार दिया गया है।



## समीक्षा : अधिकारियों को दिए जर्जर भवनों की मरम्मत या डिस्मेंटल करने के निर्देश

# जर्जर भवनों में न करें स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले में शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

■ समय–सीमा की बैठक में कहा- बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि

बैठक में उन्होंने जिले के जर्जर स्कूल भवनों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति में सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिला स्तरीय तकनीकी टीम के अधिकारियों को नियमित रूप से स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण कर जर्जर भवनों को आवश्यकतानुसार डिस्मेंटल एवं मरम्मत कर इन भवनों को बेहतर बनाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरी है। उन्होंने किसी भी स्थिति में जर्जर भवनों में कक्षा संचालित नहीं करने तथा स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र भवन जर्जर होने पर उपयुक्त भवनों में कक्षा संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।



### 15 नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

बैठक में चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से राज्य सरकार के द्वारा अभी हाल में ही पदस्थ किए गए ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने के लिए 02 वर्षों के अनुबंध वाले कुल 22 चिकित्सा अधिकारियों में से अब तक कार्यभार ग्रहण करने वाले चिकित्सा अधिकारियों के संबंध में जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 19 नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इन सभी नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों को जिला चिकित्सालय बालोद में 15 दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके उपरांत इन्हें इनके पदस्थापना स्थल में कार्य करने भेजा जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इन सभी चिकित्सा अधिकारियों को एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत 02 वर्षों के अनुबंध के आधार पर इनकी नियुक्ति ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए की गई है। उन्होंने बताया कि इनकी नियुक्ति से काफी हद तक जिले में

### समय-सीमा में करें प्रकरणों का निराकरण

बैठक में चन्द्रवाल ने विभागवार समय–सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने जिले के सुदूर वनांचल के आदिवासी बाहुल्य ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों के वार्षिक आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने विभिन्न विभागों के द्वारा अपने–अपने विभागीय योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित कर ग्रामीणों के आय में वृद्धि हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान श्री चन्द्रवाल ने अंतर विभागीय समन्वय के प्रकरणों की भी समीक्षा की।

### कलेक्टर ने की क्रेडा के योजनाओं की समीक्षा

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में क्रेडा द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में चन्द्रवाल ने क्रेडा के प्रभारी अधिकारी को क्रेडा की गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए जिले के युवक–युवतियों के लिए कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण की भी व्यवस्था कराने के निर्देश



दिए हैं। इससे प्रशिक्षित युवा–युवतियों को स्वरोजगार भी मिल सके। बैठक में चन्द्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य ऊर्जा विकास अभिकरण के अंतर्गत जिले में संचालित सौर सुजला योजना के तहत हितग्राहियों को मिले अंश दान तथा वर्षवार स्थापित सोलर पम्पों की संख्या आदि की समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत सोलर ड्यूल पम्प, सोलर हाई मास्ट लाईट, चौक–चौराहे में सोलर हाई मास्ट लाईट के माध्यम से प्रकाश की व्यवस्था, बॉयोगैस कार्यक्रम तथा स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत बॉयोगैस संयत्र, आदि के संबंध में विस्तृत समीक्षा की।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को किया गया सम्मानित




**बालोद ।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने नवाचार प्रारंभ करते हुए जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के बालोद विकासखण्ड के 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि हमारे सरपंच एवं सचिव एवं जनप्रतिनिधि ग्रामीण क्षेत्रे में संचालित शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने सरपंच, सचिवों को आगामी त्रि–स्तरीय पंचायत चुनावो को ध्यान में रखते हुए समस्त निर्माणाधीन एवं अपूर्ण कार्यों को गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा करने को कहा। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार बालोद जिला पंचायत द्वारा बालोद विकासखण्ड के 60 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों का जिला पंचायत सभाकक्ष में आज उन्मूखीकरण कार्यशाला का आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. कन्नौजे ने सभी सरपंच, सचिवों को महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण, एनआरएलएम आदि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण योजना के लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अपने गांव एवं पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण कर उनका समुचित देखभाल करने को कहा। इस दौरान सीईओ डॉ. कन्नौजे ने पंचायत प्रतिनिधयों को उनके अधिकार एवं दायित्वो के संबंध में जानकारी दी। डॉ. कन्नौजे ने पंचायत प्रतिनिधियों को अपने ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत के आय में वृद्धि हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने तथा लोकसेवा गारंटी योजना के तहत ग्राम पंचायतो में 09 प्रकार की सेवाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने को कहा। जिससे ग्रामीणों को अपनी जरूरी कामों को पूरा करने के लिए असुविधा का सामना न करना पड़े। डॉ. कन्नौजे ने सरपंचो को 15वें वित्त आयोग द्वारा पूर्व मे प्राप्त राशि का गाईडलाईन के अनुसार 80 प्रतिशत खर्च करने उपरांत आगामी राशि प्राप्त होने की जानकारी दी। उन्होंने इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करने तथा ग्राम पंचायतो में समस्त सामग्रियों का क्रय जेम–पोर्टल के माध्यम से करने को कहा। साथ ही सरपंचो को स्कुलो एवं आंगनबाड़ियो के सुगम संचालन में सहयोग प्रदान करने व चिन्हांकित कुपोषित बच्चो एवं ऐनिमिक महिलाओ को सुपोषण चौपाल के माध्यम से सुपोषित करते हुए अपने ग्राम पंचायतो को सुपोषित ग्राम पचांयत बनाने के लिए व्यक्तिगत रूचि लेकर पहल करने की अपील की।



## रेंगाडबरी के हायर सेकंडरी स्कूल में शौचालय की सुविधा नहीं, विद्यार्थियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी के हायर सेकंडरी स्कूल में शौचालय नहीं होने की बात सामने आई है। इसके कारण वहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शाला विकास समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यों के द्वारा शाला परिसर का निरीक्षण किया गया, तब यह बात सामने आई। सदस्यों के सामने विद्यार्थियों ने अपनी समस्या रखी व समाधान की मांग रखी। उल्लेखनीय है कि लगभग दस वर्ष पूर्व शाला का निर्माण हुआ है तब से शाला में शौचालय नहीं है, जिससे बच्चों को खासकर लड़कियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष जयेश जैन ने बताया कि पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने शाला में लाइब्रेरी की आवश्यकता भी बताई। वहीं, शाला में बाउंड्रीवाल निर्माण व सायकिल स्टैंड निर्माण की मांग रखी गई है।

अध्यक्ष व सदस्यों ने शासन-प्रशासन तक उक्त मांगों को रखने की बात कहते हुए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया है। अध्यक्ष के साथ साथ ग्रामीणों में पालसिंग यादव, निरंजन पडौती, संतोष गुप्ता, नेमन साहू, तुलेश साहू, अमिरदास कृषाने आदि उपस्थित थे।

## डीएफएम मद से हुए 14 कार्यों की जांच हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र डौंडी अंचल में जिला खनिज संस्थान न्यास मद से ब्लाक के विभिन्न ग्राम पंचायतों पर कराए गए कार्यों की सूक्ष्म जांच करने व दोषियों पर उचित कार्रवाई की मांग को लेकर पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में आवेदन सौंपा। ग्राम पंचायत कुआंगोंदी में मंगलवार को आयोजित शिविर में श्री सुथार ने डौंडी ब्लाक अंतर्गत जिला खनिज संस्थान न्यास मद से स्वीकृत कार्यों की जांच कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने डौंडी के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जिला खनिज संस्थान न्यास मद से वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक स्वीकृत सभी कार्यों की जांच की मांग की है।

■ कुआंगोंदी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में पूर्व जनपद सदस्य अनिल ने की मांग

उन्होंने शिकायत में कहा है कि जिला खनिज संस्थान न्यास मद से स्वीकृत कार्यों के संपादन में छत्तीसगढ़ क्रय नियम का पालन नहीं किया गया है। इसी तरह ब्लाक डौंडी के भाजपा नेता रामनारायण धनकर ने डौंडी तहसील मुख्यालय में व्यवहार न्यायालय की मांग रखी। आदिवासी नेता रेवा रावटे ने डौंडी सल्हाईटोला रेलवे स्टेशन से एकलव्य विद्यालय तक विद्युत विस्तार की मांग व अनुविभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को डौंडी मुख्यालय में बैठने की मांग, ग्राम भर्रीटोला 36 में उप स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन, आदिमजाति छात्रावास के जीर्णोद्धार कार्य, सिंचाई बांधों में निर्मित पक्की सिंचाई नाली की गुणवत्ता की जांच व कार्रवाई की मांग की है। इसी तरह समीर धुर्वा ने नगर पंचायत डौंडी के वार्ड क्रमांक 04 स्थित लोहागढ़ तालाब की मरम्मत, नाली निर्माण, सड़कों की मरम्मत की मांग की है। उक्त शिविर में कुल 553 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 215 का तत्काल निराकरण किया गया। वहीं जांच कार्यवाही व अन्य प्रकरण के 338 आवेदन प्रशासन के पास लंबित रखे गए हैं, निराकरण उचित समय पर प्रशासन द्वारा किया जाएगा।

## जन्माष्टमी पर हुए विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर दही हांडी कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि राजन दुबे अध्यक्ष शैलदेवी महाविद्यालय थे।

कार्यक्रम का आरंभ इस्कॉन मंदिर, भिलाई के पुरोहितों द्वारा हरे राम हरे कृष्ण नाम संकीर्तन से किया गया, उसके बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। दही हांडी कार्यक्रम के साथ–साथ रस्साकसी और मटकी फोड़ जैसे पारंपरिक खेलों का भी आयोजन किया गया। दही हांडी में बालिका वर्ग से मीनाक्षी व गंगा ग्रुप तथा बालक वर्ग से ओंकार ग्रुप विजयी हुए। वहीं रस्साकशी में बालिका वर्ग से उर्वशी ग्रुप, बीएससी बीएड तृतीय वर्ष व बालक वर्ग से नवीन ग्रुप, बीएससी बीएड चतुर्थ वर्ष विजयी एवं पंकज ग्रुप उपविजेता बने, मटकी फोड़ में बालक वर्ग से लव कुमार, बीएससी बीएड तृतीय, तुमेंद्र बीएड तृतीय सेम, अभय बीए प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, बालिका वर्ग से श्वेता बंजारे बीएससी द्वितीय वर्ष विजेता, देविका बीए अंतिम वर्ष उपविजेता बने।



### विधायक संगीता कालेजों के लिए की प्रतिनिधियों की नियुक्ति



**गुरूर।** विधायक संगीता सिन्हा ने विकासखण्ड के तीनों महाविद्यालय के लिए अपने प्रतिनिधि की नियुक्त की है। शासकीय डारन बाई कॉलेज गुरुर में शादिक अली को, मदन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में टोमन साहू को तथा बासिन कॉलेज के लिए पूरन साहू को विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है।




## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरदी में मनाया गया नेत्रदान पखवाड़ा

### लोगों को नेत्रदान के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेश सूर्यवंशी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सत्येंद्र मार्कण्डेय के मार्गदर्शन में 25 अगस्त से 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के तहत विकासखंड गुण्डरदेही के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरदी में नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया।

जिसमें लोगों को नेत्रदान के बारे में जानकारी दी जा रही है और लोगों में फैली हुई भ्रांति नेत्रदान करने से अगले जन्म में अंधे पैदा होंगे, की भ्रांति को दूर कर ज्यादा से ज्यादा नेत्रदान करने की अपील की जा रही है। एक व्यक्ति के नेत्रदान करने से दो लोगों को रौशनी मिलती है। नेत्रदान करने से चेहरा खराब नहीं होता है ये मिथक बाते हैं। मृत्यु उपरांत नेत्रदान सभी स्वस्थ व्यक्ति 5 वर्ष से 60 वर्ष सभी कर सकते हैं।




चश्मा पहनने वाले, मोतियाबिंद ऑपरेशन, डायबिटीज के मरीज भी नेत्रदान कर सकते हैं। इसके लिए किसी जाति धर्म का बंधन नहीं है, सभी धर्म के लोग नेत्रदान कर सकते हैं। सर्पदंश, टिटनेस, रेबीज़, एड्स, पीलिया, दुर्घटना वाले लोगो की आंखे दान में उपयोग नहीं किया जाता। इस कार्यक्रम में हॉस्पिटल प्रभारी, आरएमए आरआर नेताम, नेत्र सहायक अधिकारी एमडी हिरवानी, एमएल साहू, सुपरवाइजर ए सिंगेवार, एएनएम शारदा देवांगन, ड्रेसर डीआर ठाकुर, एमएलटी संदीप साहू, पीएडीए टोमेश साहू, आयुष्मान मित्र थानू राम, आया कविता साहू, मितानिन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**

तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732

वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

